भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा उत्पादन विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4921
01 अप्रैल, 2022 को उत्तर के लिए

आयुध कारखाने

4921. श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में अब तक कितने आयुध कारखाने स्थापित किए गए हैं और सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत स्थापित किए जाने वाले प्रस्तावित ऐसे कारखानों की संख्या कितनी है ;

(ख) सरकार द्वारा इन आयुध कारखानों की स्थापना में किया गया कुल व्यय कितना है ; और

(ग) ऐसे कारखानों में निर्मित अस्त्र-शस्त्र देश में रक्षा बलों को और निर्यात प्रयोजन के लिए कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है ?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) और (ख): सरकार द्वारा देश में अब तक कुल 41 आयुध निर्माणियों की स्थापना की गई है। तथापि, वर्तमान में, सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत नई आयुध निर्माणियों की स्थापना का कोई प्रस्ताव नहीं है । इसके अलावा, आधुनिक हथियारों और शस्त्रास्त्रों के स्वदेशीकृत विनिर्माण हेतु दिनांक 01 अक्तूबर, 2021 से 41 आयुध निर्माणियों को रक्षा क्षेत्र के नए सात सार्वजनिक उपक्रमों में परिवर्तित करके वर्षों में विकसित की गई 90,000 करोड़ रुपए मूल्य की इन परिसंपत्तियों का हस्तांतरण नई कंपनियों को कर दिया गया है ।

(ग) : इन आयुध निर्माणियों द्वारा विनिर्मित शस्त्रास्त्र भारतीय सशस्त्र सेनाओं में पहले से ही उपयोग में लाए जा रहे हैं और साथ ही विभिन्न देशों में इनका निर्यात किया जा रहा है ।

***